## महत्वपूर्ण एवं खास

### वृक्षों की अवैध कटाई करते 7 गिरफ्तार

**गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)।** जंगल में वृक्षों की कटाई करते हुए वनकर्मियों की टीम ने ओडिशा के निवासियों को पकड़ा है. मामला बनवापार के पीपलखूंटा सर्कल का है. जंगल में ओडिशा के नवरंगपुर के 20 लोग अवैध रूप से वृक्षों की कटाई कर रहे थे. वनकर्मियों के पूछने पर कटाई करने वालों ने बताया कि खेती करने के जंगल के वृक्षों को काट रहे थे। इस पर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व मैनपुर और नबरंगपुर वनमंडल ओडिशा के अधिकारी/कर्मचारियों की टीम गठित ने ओडिशा के 20 आरोपियों वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत पकड़ा. आरोपियों को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड पर जेल दाखिला करवाया गया. बता दें कि इसके पहले भी इनमें से 7 आरोपियों को जंगल में अवैध कटाई करने के जुर्म में गिरफ्तार किया चुका है।

### कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग

**जगदलपुर (आरएनएस)।** शहर के मुख्य मार्ग में स्थित एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों का माल जलकर राख हो गया। दुकान में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते तेजी से फैल गई. आग की लपटे इतनी तेज थी की आसपास की दुकानें में आग के चपेट में आने लगी। आग लगने से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई. इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दुकान पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी. वहीं आग इतनी भीषण थी कि दुकान के बाहर खड़ी एक कार और मोपेड भी जलकर खाक हो गई.

### पेयजल समस्या निवारण हेतु अनुविभाग क्षेत्र सारंगढ़ के लिए कॉल करें

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर लोक यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के तुरंत निराकरण और सुचारू संचालन एवं संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसका दूरभाष 07768-233089 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून 2024 तक के लिए प्रभावी है। सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी उप अभियंता के आर सूर्यवंशी नियुक्त हैं, जिनका मोबाइल नंबर 8602103054 है। इसी प्रकार सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर इंद्रदेव साहू नियुक्त है जिनका मोबाइल नंबर 7000 182661 है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में सहायक अभियंता मनोज दाकोड़े को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 8109200800 है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के रूप में डाटा एंट्री ऑपरेटर रविशंकर सोनी को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 7240951085 है। प्रकोष्ठ सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नंबर 1800 2330008 में भी शिकायत सुझाव दर्ज किए जा सकेंगे।

### 5 लाख की ईनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जवानों ने छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर से लगे केरलापाल गांव में एक्टिव एक ईनामी महिला नक्सली को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, जिला सुरक्षा बल, डीआरजी सुकमा, डीआरजी बस्तर एवं 206 कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर से लगे गांव से महिला नक्सली को गिरफ्तार किया है। महिला नक्सली जिला दंतेवाड़ा थाना अरनपुर क्षेत्र के अंतर्गत पोटाली गांव की निवासी है। बता दें, गिरफ्तार की गई महिला नक्सली नक्सल संगठन के साथ मिलकर पिछले 5-6 सालों से लगातार सरकार के खिलाफ उनके नापाक इरादों को अंजाम दे रही थी। जिसके कारण राज्य सरकार ने महिला नक्सली पर 5 लाख रूपये का ईनाम रखा था।

# रायपुर में मौसम विभाग ने जारी किया लू का अलर्ट

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में नौतपा के चलते लोगों को गर्मी की डबल मार झेलनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर शहर में तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुँच चुका हैं।

ऐसे में मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट जारी किया हैं।30 मई तक लोगों को गर्मी से और परेशान होना पड़ सकता है। 28 मई को प्रदेश के गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, अंतागढ़, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम जिले के एक दो स्थानों पर हीट वेव चल सकता है। मौसम विभाग ने 29 और 30 मई को प्रदेश के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के लगभग अधिकांश जिलों में हीट वेव चलने की संभावना जताई है।

बताया गया हैं कि आज मंगलवार को भी तापमान 45 से अधिक रहेगा। अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने और उसके बाद थोड़ी गिरावट होने की संभावना है।वहीं मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि 30 मई से मौसम का मिजाज बदल सकता है। कुछ जिलों में बारिश की मौसम विभाग ने संभावना जताई है।

इस बार नौतपा 25 मई से 2 जून तक रहेगा। नौतपा के चौथे दिन मौसम के मिजाज में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत आस-पास के इलाकों में सुबह से ही भीषण धूप है। वहीं, मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश होने का अनुमान भी जताया है।सोमवार को बेमेतरा में अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम अधिकतम



तापमान जगदलपुर में 37.3 डिग्री दर्ज किया। राजधानी रायपुर में तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ रहा है । बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग तथा उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी में मानसूनी गतिविधि शुरू हो गई है। साथ ही प्रबल चक्रवात रिमल उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर 7 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश में कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने की संभावना है। साथ ही उत्तर पश्चिम दिशा से आने वाले गर्म और शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों में बढ़ोतरी होगी।छत्तीसगढ़ के बारे में आईएमडी का अनुमान है कि यहां सामान्य से ज्यादा 106 फीसदी बारिश होगी।

### आसमान से बरस रही आग पारा 45 के पार

देश भर के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी प्रचंड गर्मी महसूस की जा रही हैं। नौतपे के साथ ही हर दिन तापमान बढ़ता ही जा रहा हैं। शुरुआत में जहाँ पारा 40 से 42 डिग्री के करीब था तो वही आज का पूर्वानुमान चिंताजनक हैं। बताया जा रहा हैं कि राज्य एक 21 जिलों में आज का तापमान 44 डिग्री या उससे ज्यादा होगा। मौसम विभाग ने इस नौतपे और बढ़ती गर्मी को लेकर अलर्ट जारी कर दिया हैं। मौसम विभाग के अनुसार दिन में जहां धुप का प्रकोप होगा तो रात में उमस की वजह से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ सकता हैं। बताया गया हैं कि 30 मई तक छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में एक दो स्थानों पर ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की आशंका है। वही 28-31 मई तक छत्तीसगढ़ में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है।

ये पिछले साल के अनुमान से बेहतर है। साल 2013 में मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में 94 फीसदी बारिश का अनुमान लगाया था।

मौसम विभाग का कहना है कि आज तक की स्थिति में मानसून 31 मई तक केरल पहुंच जाएगा। सब कुछ सामान्य रहा, तो छत्तीसगढ़ में इसकी सामान्य तिथि 16 जून तक एंट्री हो जाएगी।हालात अनुकूल रहे, तो मानसून तय तारीख से पहले भी छत्तीसगढ़ पहुंच सकता है। वर्षा पर आधारित कृषि क्षेत्र में भी बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है।जिनमें राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड और ओडिशा के हिस्से शामिल हैं।

# विधानसभावार गणन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु अंतिम तिथि 31 मई

- गणन अभिकर्ता नियुक्त करने मतगणना के तीन दिवस पूर्व तक रिटर्निंग ऑफिसर को प्रारूप 18 में अभ्यर्थी अथवा निर्वाचन अभिकर्ता कर सकते हैं आवेदन
- 4 जून को प्रात: 8 बजे से केआईटी में जिले की चारों विधानसभाओं की मतगणना होगी शुरू

**रायगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत गणन अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश पूर्व में जारी किए गए है। जारी निर्देश के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 47 एवं निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 52 के अनुसार गणन अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि विधानसभावार गणन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। गणन अभिकर्ता के नियुक्ति हेतु प्रारूप 18, अभ्यर्थियों अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को 2 प्रतियों में गणन अभिकर्ताओं की फोटो सहित मतगणना तिथि के 3 दिन पूर्व तक प्रस्तुत की जा सकेंगी। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा ऐसे प्रत्येक गणन अभिकर्ता के लिए पहचान पत्र तैयार कर अभ्यर्थी को प्रदान किया जाएगा। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना में भाग लेने के लिए आने के समय अपने नियुक्ति पत्र के साथ उन पहचान पत्रों को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। गणन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु प्रारूप-18, स्वयं अभ्यर्थी द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा ही रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। आयोग द्वारा जारी हेण्ड बुक में उल्लेखित पदाधिकारी एवं सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों से भिन्न व्यक्ति ही गणन अभिकर्ता के लिए पात्र होंगे। यदि गणन अभिकर्ता की नियुक्ति प्रारूप-19 में निरस्त करना हो तो भी यह आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत किए जायेंगे और इनके स्थानापन्न की नियुक्ति हैण्ड बुक फॉर काउंटिंग एजेन्ट-2023 की कंडिका 3.5.2 के अनुसार की जाएगी।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 02-रायगढ़ (अजजा) अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलट की गणना केआईटी गढ़उमरिया में प्रात: 8 बजे से 10 टेबल में की जाएगी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ के ईवीएम की मतगणना केआईटी महाविद्यालय गढ़उमरिया रायगढ़ में 4 जून को प्रात: 8.30 बजे से 14-14 टेबल में की जाएगी। उक्त चारों विधानसभा क्षेत्रों के 14-14 टेबल तथा पोस्टल बैलेट कक्ष के 10 टेबल हेतु गणन अभिकर्ता की नियुक्ति के लिए प्रारूप-18 को 2 प्रतियों में गणना अभिकर्ता के फोटो सहित गणना के 3 दिन पूर्व तक स्वयं अभ्यर्थी अथवा निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा न्यायालय कलेक्टर, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 2 में फोटो सहित प्रस्तुत करना होगा। नियत समयावधि के पश्चात गणन अभिकर्ता की नियुक्ति किया जाना संभव नहीं होगा।

# गद्दा गोदाम में लगी भीषण आग,दो महिलाओं की मौत

**रायपुर । आरएनएस**

राजधानी रायपुर के गोंदवारा क्षेत्र में एक गद्दा गोदाम में भीषण आग लग गई। हस हादसे में गोदाम में काम करने वाली दो महिलाओं की मौत हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के खमतराई थानाक्षेत्र के गोंदवारा में स्थित गुरुनानक मैट्रेस स्लीप प्रो कम्पनी में बुधवार को भीषण आग लग गई। आग लगने की खबर मिलते ही पुलिस और शासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे वहीं दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गये। बताया जाता है कि गोदाम में फोम रखे होने कारण आग जल्दी भडक़ गई और देखते ही देखते पुरा गोदाम जलकर खाक हो गया। इस दौरान इलाके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि जिस दौरान हादसा हुआ उस वक्त गोदाम में 7 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिसमे से 5 को बचा लिय गया वहीं सरोरा निवासी 2 महिलाओं यमुना और रामेश्वरी की जलने से मौत हो गई है। गद्दा फैक्ट्री बिलासपुर निवासी महेश चंद्रलानी का बताया जा रहा हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 8 लाख की ईनामी महिला नक्सली ढेर

- मारे गए नक्सलियों के शव व हथियार बरामद

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सली एनकाउंटर हुआ है. सुरक्षाबलों और नक्ललियों के बीच मुठभेड़ में 2 माओवादी के ढेर होने की खबर है, जिसके शव बरामद कर लिए गए हैं.

साथ ही दो हथियार भी बरामद किए गए हैं. जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में 8 लाख की इनामी महिला माओवादी भी शामिल है. हालांकि सुरक्षाबलों और नक्ललियों के बीच मुठभेड़ अब भी जारी है।

ये मुठभेड़ आज सुबह से मद्देड थाना क्षेत्र के बददेपारा इलाके में चल रही है, जिसकी पुष्टि बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने की है. मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में एक महिला समेत दो माओवादी शामिल हैं. वहीं घटनास्थल से मारे गए माओवादियों के शव और उनके साथ हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं. जानकारी के मुताबिक, इस मुठभेड़ में 8 लाख की इनामी महिला माओवादी लीडर मनीला के मारे जाने की खबर है. मनीला माओवाद संगठन में डीवीसीएम पद पर पदस्थ थी। मारे गए माओवादीयों के पास से दो हथियार भी बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में माओवादी मनीला के मारे जाने की खबर मिल रही है। मनीला पर 8 लाख रूपये का ईनाम घोषित था।

# नया दृश्यम : पड़ोसी की हत्या कर शव आफिस में दफनाया, गिरफ्तार

**महासमुंद-रायपुर । आरएनएस**

पड़ोसी की हत्या कर अपने ऑफिस में गड्ढा खोदकर कर दफनाने का मामला समाने आया है. घटना जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र की है. दरअसल कोतवाली पुलिस को 14 दिसबंर से लापता यूपेश चन्द्राकर उम्र 41 वर्ष निवासी बिरकोनी के संदर्भ में जानकारी मिली. पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपी मुकुंद त्रिपाठी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और सारा माजरा सामने आया.

आरोपी मुकुंद ने पुलिस को बताया कि यूपेश चन्द्राकर की हत्या की और अपने ऑफिस के एक कमरे में 5 फुट गड्ढा खोदकर दफना दिया



था. पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर लोहानी बिल्डिंग के ऑफिस से लाश को बरामद की और मृतक के भाई ने उसकी शिनाख्त कराई. मृतक की बॉडी 40 प्रतिशत डिकंपोज हो चुकी है. पुलिस ने लाश का पंचनामा कर बॉडी को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा.कोतवाली प्रभारी टीआई ने बताया कि मृतक खेती किसानी व फर्शी खदान चलाता था. मृतक अपनी पत्नी के साथ नवबंर 2023 में बिरकोनी से महासमुंद आकर क्लबपारा में रहता था. उसके पड़ोस में आरोपी मुकुंद त्रिपाठी रहता था. मुकुंद त्रिपाठी किराए पर लोहानी बिल्डिंग में अपना आफिस बनाकर रखा था. मुकुंद ज्योतिष का काम करता है. मुकुंद व मृतक यूपेश में अक्सर विवाद होता था. 8 दिसंबर से मृतक लापता था, जिसकी लापता की रिपोर्ट परिजनों ने 14 दिसंबर को कोतवाली पुलिस में की थी. पुलिस प्रथम दृष्टिया अवैध संबंध का मामला मानकर आरोपी से पूछताछ कर रही है. पुलिस ने पूछताछ के बाद खुलासा करने की बात कही है।

# बेमेतरा फैक्ट्री हादसे के बाद एक्शन में सरकार, उद्योगों की विशेष सुरक्षा जांच करने उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने दिए निर्देश

**रायपुर । आरएनएस**

बेमेतरा फैक्ट्री हादसे के बाद सरकार उद्योगों में सुरक्षा मापदंड को लेकर गंभीर हो गई है. उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने श्रम विभाग के सचिव को उद्योगों में जानलेवा हादसों में कमी लाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं. इनमें विस्फोटक और ज्वलनशील सामग्रियों का उत्पादन या प्रयोग करने वाले उद्योगों का विशेष सुरक्षा जांच करना शामिल है

मंत्री देवांगन ने अपने पत्र में बेमेतरा हादसे पर दु:ख प्रकट करते हुए लिखा है कि भीषण हादसे में कई श्रमिकों ने अपनी जान गंवाई जो की अत्यंत ही दुखद है. चूंकि राज्य में श्रम विभाग का कार्य राज्य के उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों व कर्मचारियों के हितप्रहरी के रुप में कार्य करते हुए उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोपरी रखते हुए श्रमवीरों के आजीविका व जीवन को सुरक्षित रखने के लिए कार्यस्थल पर आवश्यक उपाय सुनिश्चित करना है.

इसके लिए इंडस्ट्रियल सेफ्टी ट्रेनिंग का आयोजन किसी मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा करवाना व उसकी रिपोर्ट विभाग को प्रदाय करना, जिसकी मासिक और वार्षिक समीक्षा हो. थर्ड पार्टी सेफ्टी ऑडिट एजेंसी की मान्यता को पुन: निर्धारित करना. उद्योग जो प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से ज्वलनशील या विस्फोटक सामग्री का प्रयोग या उत्पादन करते हों, ऐसे सभी उद्योगों का विशेष सुरक्षा जांच व समीक्षा की जाए.

**बेमेतरा फैक्ट्री हादसे पर सीएम से की चर्चा**

उद्योग मंत्री देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल शाम भेंट कर बेमेतरा के औद्योगिक हादसे पर गहन चर्चा की, माननीय मुख्यमंत्री ने भी उद्योगों में सुरक्षा सर्वोपरि भाव के साथ सेफ्टी उपायों पर जोर देने पर गंभीरता जताई है. मंत्री देवांगन ने बताया कि उद्योग व्यवस्था में सेफ्टी के साथ कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी. शासन द्वारा अधिकारियों को अधिकार दिया जाएगा ताकि वे सुरक्षा मानकों का नियमित जांच कर सके. इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी भी बेहद गंभीर हैं.

# बोलेरो वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक शिक्षिका की हुई मौत

- दो बच्चों के सिर से उठा मां की ममता का साया

**कोरबा । आरएनएस**

क्षेत्र से सडक़ हादसों की कई वीभत्स तस्वीर सामने आती रहती हैं,कभी वाहन चलाने वालों की लापरवाही तो कभी सडक़ पर चलने वालों के वजह से कई लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं। मंगलवार को पुनरू तेज रफ्तार का कहर इस मार्ग में देखने को मिला। तेज गति से जा रही एक बोलेरो ने स्कूटी सवार एक शिक्षिका को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही शिक्षिका की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पाली थाना अंतर्गत पुराना पानी टंकी के पास किराए के मकान में कृषि विभाग पाली में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पदस्थ विश्वेष दुबे अपने पत्नी स्वाति दुबे 30 वर्ष से निवासरत हैं। स्वाति डीएवी स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि सुबह 5.30 बजे स्वाति घर से अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एएस 5664 में सवार किसी कार्यवश पाली से पोड़ी की ओर गई हुई थी, वहां से वापस अपनी घर की ओर लौट रही थी। इसी दौरान केराझरिया कोसाबाड़ी के पास सुबह 6.30 बजे तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी -10 एएल7464 के वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी में सवार स्वाति को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि बोलेरो चालक ने स्कूटी व सवार महिला को काफी दूर कर घसीटते हुए ले गया। इस दौरान बोलेरो की टक्कर से महुआ का पेड़ भी गिर गया। बाद में दूसरे पेड़ से टकरा से बोलेरो रूकी।

घटना में स्कूटी सवार स्वाति दुबे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बोलेरो के सामने के हिस्सा व स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इंटरनेट मीडिया में दुर्घटना की खबर फैलते ही लोगों की भीड़ स्थल पर लग गई। बाद में महिला की पहचान स्वाति के रूप में हुई। जानकारी मिलते ही कृषि विभाग के अधिकारी- कर्मचारी पहुंच गए। इस बीच किसी ने डायल 112 व पाली पुलिस को घटना को सूचना दी। हालांकि डायल 112 ने स्वाति को सामुदायिक स्वास्थ्य ले गए, पर डाक्टरों ने परीक्षण के साथ ही मृत घोषित करदिया। स्थल पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। बाद में शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। वहीं दोनों वाहन को जब्त कर थाना ले गई। घटना के बाद फरार हुए बोलेरो चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध उसकी पतासाजी की जा रही है। पुलिस की काफी कोशिश के बाद भी पाली क्षेत्र में वाहनों की तेज रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। चालक ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाते देखे जाते है। इससे दुर्घटनाओं में अंकुश नहीं लग पा रहा है। पुलिस व प्रशासन अपने स्तर पर तेज रफ्तार पर अंकुश लगाने प्रयासरत है, लेकिन वाहन इनकी लगातार अनदेखी कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि विश्वेष दुबे व स्वाति दुबे के दो बच्चे हैं। पहले बच्चे की उम्र लगभग तीन वर्ष है। इस घटना में दोनों बच्चों के सिर से मां की ममता का साया उठ गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छतीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छतीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छतीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अत: शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU